कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून

पंत्राक 220 /विकास कार्य/नि0सू0/2024–25 दिनांक 12/06/2024

ई–निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारो/ फर्मो जो आयकर, व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो ऐसे फर्म/ठेकेदार निम्न कार्य को करने हेतु निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु टू–बिड के आधार (टैक्नीकल एवं फाईनेंशियल) पर मुहरबन्द ई–निविदा दिनांक 11.07.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक uktenders.gov.in की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त टैक्नीकल बिड को निविदा समिति /अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 12.07.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा । आगणन में अकिंत विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत/बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा ।

इच्छुक ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्यो हेतु निविदा मूल्य हेतु पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियन्ता, म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, एवं अन्य शर्तो के अनुसार अन्य अभिलेखो को उक्त बैबसाईट में नियत तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा इन सभी की मूल प्रति एक लिफाफे में तकनीकी बिड के साथ दिनांक 12.07.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग में जमा करानी होगी। निर्धारित समय तक तकनीकी बिड जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75(सामान्य)/II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी । जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की बैधता 90 दिन मान्य रहेगी।

क्र0सं0	विवरण	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा मूल्य	समय सीमा
1	मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पुरकुल गॉव में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य	245.90	4.90	5900.00	12 माह
2	ग्राम पंचायत सेरकी में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य	106.55	2.14	4720.00	06 माह

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।

प्रतिलिपिः—

1. सचिव,म0दे0वि0प्राधि0देहरादून ।
2. मुख्य लेखाधिकारी म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून ।
1. अधीक्षण अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण, देहरादून।
2. नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद /सिचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।
3. आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से कि विज्ञप्ति को बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
5. सम्बन्धित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु ।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।